अमर उजाला 02/12/2023

सेमिनार में विशेषज्ञों ने दिया ज्ञान

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से हाउ टू राइट ए रिसर्च पेपर इन आर्ट्स विषय पर एक सेमिनार हुआ। इसमें डॉ. कुशल पाल आईजीएन कॉलेज लाडवा के प्राचार्य ने मुख्य वक्ता के रूप में भूमिका निभाई। सेमिनार में कॉलेज के स्टाफ सदस्य तथा दूसरे कॉलेज से आए वक्ताओं ने एवं स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सेमिनार के माध्यम से डॉ. कुशल पाल ने रिसर्च पेपर राइटिंग के गुर बच्चों तथा स्टाफ सदस्यों को बताए। सेमिनार में लगभग 60 से 65 छात्र छात्राओं ने तथा वक्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर राजनीति शास्त्र के सभी वक्ता डॉ एसएस नैन, डॉ केके पूनिया, डॉ तृप्ति शर्मा व डॉ सरोज लोहान सहित अन्य विभागों के सहायक वक्ता भी उपस्थित रहे। संवाद